हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 01 जनवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों को, नववर्ष की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की है कि नववर्ष 2025 सभी के लिए मंगलमय हो और प्रदेश विकास के पथ पर यूं ही आगे बढ़ता रहे।

मुख्यमंत्री ने कल शाम अम्बाला में आयोजित पांच दिवसीय दिव्य गीता सत्संग के समापन अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को भी सम्बोधित किया।श्री कृष्ण कृपा जीयो गीता परिवार के तत्वावधान में आयोजित इस गीता सत्संग में मुख्यमंत्री ने कहा कि गीता के संदेश को दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचाना है। हरियाणा सरकार कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गीता जयंती महोत्सव का आयोजन कर इस कार्य को कर रही है तथा इसी कड़ी में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज श्रीमदभगवदगीता का ज्ञान घर-घर तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि विश्व के कई देशों में अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के कार्यक्रम हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र में हुए गीता जयंती महोत्सव में इस बार भी 50 लाख से अधिक लोगों ने शिरकत की तथा पूरी दुनिया में लाखों लोग वर्चुअल माध्यम से भी इस महोत्सव से जुड़े हैं।उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कुरुक्षेत्र के 48 कोस की परिधि में आने वाले महाभारतकालीन 182 तीर्थ स्थलों का जीर्णोद्धार करने का काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र की पवित्र भूमि पर जहां भगवान श्री कृष्ण ने ज्ञान व कर्म का संदेश दिया था वहां पर 250 करोड़ रूपए की लागत से महाभारत थीम पर आधारित ज्योतिसर अनुभव केन्द्र व संग्रहालय का निर्माण किया जा रहा है।

****

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने प्रदेश के धान उत्पादक किसानों को नए वर्ष का तोहफ़ा देते हुए उनके लिए ₹90 करोड़ का बोनस जारी किया है ।कृषि मंत्री ने कृषि, बागवानी एवं अन्य सहायक क्षेत्रों के लिए अधिकारियों के साथ बजट पूर्व चर्चा भी की है ।एक सरकारी प्रवक्ता ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि कृषि मंत्री ने अधिकारियों से किसानों के व्यापक हित की योजनाओं के लिए बजट रूपरेखा तैयार करने और केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सभी 24 फसलों की खरीद को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए हैं ।कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने बताया कि 90 करोड़ रुपए का बोनस मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा , तत्काल राहत उपायों के तहत घोषित सूखा राहत योजना के अंतर्गत जारी किया गया है। किसानों को प्रति एकड़ 2,000 रुपए बोनस दिया गया है।

****

हरियाणा के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने सभी प्रदेशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सभी के सुख, समृद्धि, शांति, उल्लास और सभी के बेहतर स्वास्थ्य की कामना की है। पर्यावरण मंत्री ने नववर्ष में आमजन से पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत पंच प्रण संकल्प का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि पंच प्रण के तहत सभी नागरिक पॉलीथीन का उपयोग ना करके कपड़े के थैले का इस्तेमाल करें। इसके साथ ही इस पूरे वर्ष में जब भी अवसर मिले तो पौधारोपण अवश्य करें। साथ ही किसी भी प्रकार का आयोजन हो तोहफे के तौर पर फलदार पौधा जरूर भेंट करें।राव नरबीर सिंह ने तीसरे प्रण के रूप में सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल कर पर्यावरण संरक्षण के लिए सहयोग का आह्वान किया है। कैबिनेट मंत्री ने सूखा और गीला कचरा अलग अलग रखने और अंतिम व पांचवे प्रण के रूप में सिंगल यूज़ प्लास्टिक से बचने की अपील की है।